# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 28 जनवरी 2024


# अयोध्या जाने का किराया 1200, ट्रेन में भोजन-चाय से लेकर डाक्टर तक रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामलला के दर्शन करने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से आस्था स्पेशल ट्रेन चलेगी। अयोध्या जाने वाली इस विशेष ट्रेन में यात्री सुरक्षा का रेलवे विशेष ध्यान रखेगा। बीते दिनों ट्रेनों की तारीख के बाद अब किराया और आवश्यक सुविधाओं की सूचना भी जारी कर दी गई है। 6 आस्था स्पेशल ट्रेन में भक्तों के लिए 1200 रुपये का किराया निर्धारित किया गया है।

## पंजीयन कराने भाजपा के जिला व मंडल अध्यक्ष को देना होगा आवेदन

अलग खबर

### अयोध्या में होगा यात्रियों का स्वागत

यात्रा की बुकिंग जाने और वापसी की एक साथ होगी, ताकि इसमें सफर करने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। अयोध्या पहुंचने के बाद वहां स्थानीय लोग मिलेंगे, जो यात्रियों का स्वागत ▶▶| शेष पेज 5 पर

### इन तिथियों में चलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन

- गोंदिया से 31 जनवरी-25 फरवरी
- दुर्ग से चार फरवरी
- दुर्ग से सात व 28 फरवरी
- रायपुर से 14 फरवरी
- बिलासपुर से 18 फरवरी
- अनूपपुर से 21 फरवरी



आस्था स्पेशल ट्रेन में यात्रा की बुकिंग जाने और वापसी की एक साथ होगी

### जिला व मंडल अध्यक्ष को जिम्मेदारी

*आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या जाने के लिए भाजपा के जिला व मंडल अध्यक्ष के पास पंजीयन कराने के लिए आवेदन देना होगा। पंजीयन के दौरान संबंधित यात्री का नाम, मोबाइल नंबर व आधार कार्ड की छायाप्रति देनी होगी। इसके साथ परिवार के किसी अन्य सदस्य का मोबाइल नंबर व उनका आधार कार्ड देना अनिवार्य है। इस सामान के लिए एक स्टीकर भी दिया जाएगा। पंजीयन कराने के लिए 10 फरवरी तक का समय निर्धारित किया गया है।*

सफर के दौरान भोजन के साथ चाय भी परोसी जाएगी। इसके साथ चिकित्सक भी तैनात रहेंगे। यदि कोई यात्री अस्वस्थ हो, तो ट्रेन में ही इलाज की सुविधा मिल जाएगी। आस्था स्पेशल ट्रेनों को राज्य सरकार चला रही है। इसकी घोषणा पहले ही कर दी गई थी। अब यह भी ऐलान कर दिया गया है कि छत्तीसगढ़ के किस शहर से अयोध्याधाम के लिए किस तिथि में आस्था स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसके लिए यात्रा कैसे करनी है, यह तय कर दी गई है। यात्रा करने के लिए सबसे पहले लोगों को पंजीयन कराना होगा। इसके बाद बोगी के अनुसार यात्रियों की बुकिंग होगी। टिकट बनाने का जिम्मा आईआरसीटीसी को दिया गया है।


Aakash + BYJU'S

Win Up to 90%* Scholarship

FREE REGISTRATION FOR iACST

SCAN NOW

*Terms & Conditions apply.

BILASPUR BRANCH

8800732450

9289714488


## खबर संक्षेप

### बिहार में 'न्याय यात्रा' के लिए बघेल पर्यवेक्षक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बिहार में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' और अन्य गतिविधियों के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बघेल की नियुक्ति की है।

*बिहार में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच नीतीश कुमार पर सबकी निगाहें*

# नीतीश फिर पलटे, लालू को छोड़ एनडीए के साथ, आज इस्तीफे के बाद लेंगे शपथ!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटना/नई दिल्ली

*बिहार में सियासी उठापटक जारी है। इस बीच, ऐसी खबरें हैं कि बिहार में नीतीश-लालू का गठबंधन टूट गया। नीतीश अब एनडीए के साथ नई जोड़ी बनाएंगे। सूत्रों का दावा है कि नीतीश कुमार रविवार सुबह 10 बजे विधायक दल की बैठक के बाद राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जदयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए सीएम के तौर पर शपथ दिलाने को भी कह सकते हैं।*

पिछले तीन साल से भी कम समय में दूसरी बार पाला बदलने की ओर बढ़ रहे बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार की ओर सभी की निगाहें टिक गई हैं। बिहार के मुख्यमंत्री और जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार रविवार सुबह तक इस्तीफा दे सकते हैं। कुमार के करीबी एक उच्च पदस्थ सूत्र ने यह जानकारी दी। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आईं हैं, जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेताओं द्वारा कुमार के गठबंधन तोड़ने और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में लौटने की स्थिति में आगे की रणनीति अपनाने पर मंथन में जुटे हुए हैं। सूत्र ने बताया, अपना इस्तीफा सौंपने से पहले नीतीश ▶▶| शेष पेज 5 पर

- शपथ ग्रहण समारोह में जा सकते हैं नड्डा और शाह

### लगातार मंथन कर रहे नीतीश

*मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना के एक अणे मार्ग स्थित आवास पर जेडीयू विधायकों का पहुंचना शनिवार रात तक जारी रहा। सियासी उठापटक के बीच नीतीश ने जेडीयू विधायकों को अपने आवास पर बुलाया। शुक्रवार शाम बिहार के मौजूदा हालात पर चर्चा के लिए नीतीश कुमार ने चार वरिष्ठ नेताओं के साथ अपने आवास पर चर्चा की।*



### ऐसा सियासी गणित

243 सदस्यीय विधानसभा

| राजद | भाजपा | जदयू | कांग्रेस | लेफ्ट | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 78 | 78 | 45 | 19 | 16 | 7 |

### रविवार को सचिवालय की छुट्टी रद्द

रिपोर्ट की मानें तो रविवार सुबह 10 बजे जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक की जाएगी। इसके बाद सीएम हाउस में ही एनडीए विधानमंडल दल की बैठक होगी।

### राज्यपाल से मिले भाजपा नेता

अटकलों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता राधा मोहन सिंह ने राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मुलाकात की। उन्होंने बिहार की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा, हर साल मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 'कृषि मेला' (कृषि उत्सव) आयोजित किया जाता है। मैं इसके लिए राज्यपाल को आमंत्रित करने आया था। दोपहर में होने वाली पार्टी के सांसदों और राज्य विधायकों की बैठक के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, ये ऐसे सवाल हैं जिसे आपको राज्य इकाई के प्रभारी के आने पर उनसे पूछने चाहिए।

### तेजस्वी बोले-असली खेला होना अभी बाकी

पटना में राजद की बैठक के दौरान तेजस्वी ने दावा किया कि असली खेला होना अभी बाकी है। नीतीश हमारे आदरणीय थे और रहेंगे। जो काम दो दशकों में नहीं हुआ, वह हमने कम समय में कर दिखाया। लालू ने अपने मंत्रियों से कहा- इस्तीफा नहीं दें।

43 की उम्र में रचा इतिहास...

# रोहन बोपन्ना ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेल यिन ओपन 2024 से भारतीय टेन सि फैन्स के लिए काफी शानदार खबर सामने आ रही है। दिग्गज भारतीय ख लाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई पार्टनर मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर पुरुष डबल्स का खिताब जीत लिया है। शनिवार को मेलबर्न पार्क में खेले गए फाइनल मुकाबले में दूसरी सीड रोहन-एब्डेन की जोड़ी ने इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रे वावसोरी को 7-6 (0), 7-5 से हराया।



- 7-6 (0), 7-5 से जीता खिताब

### तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

43 साल के रोहन बोपन्ना ग्रैंड स्लैम (ओपन एरा) जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। पिछला रिकॉर्ड नीदरलैंड्स जीन-जूलियन रोजर के नाम था, जिन्होंने 40 साल और नौ महीने की उम्र में मार्सेलो अरेवोला के साथ मिलकर 2022 के फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल खिताब जीता था।






27- JAN- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 1/28/2024 12:07 AM Page 1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बिलासपुर**

**रविवार 28 जनवरी 2024**

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 337
पृष्ठ : 10+6 = 16, मूल्य : 5.00***

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 27.0
न्यून. 12.8



**7** रोहन बोपन्ना ने जीता दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब, ...

आजकल
**2** बिहार की सियासत में फिर भूचाल






# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहली बार मगरमच्छ की होगी गणना, दिल्ली के एक्सपर्ट करेंगे गिनती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षण के लिए पहली बार जलीव जीव मगरमच्छ की 3 फरवरी से गणना की जाएगी। वर्तमान में अब तक उद्यान में 15 बड़े एवं 40 बच्चे मगरमच्छ मिले हैं। इंद्रावती नदी एवं विभिन्न नालों में मिलने वाले मगरमच्छ को कांगेर नदी में छोड़ा जा रहा है, साथ ही ऐसे युवा के चलते उद्यान में लगातार मगरमच्छों की संख्या बढ़ रही है।

मगरमच्छ की गणना कलकत्ता के जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया एवं दिल्ली के जूलॉजिकल सेंटर के सहयोग से उद्यान ने मगरमच्छ की गणना में उद्यान के अधिकारी, ⏭ शेष पेज 5 पर



## उद्यान में अब तक मिले मगरमच्छ के 15 वयस्क व 40 बच्चे

### संरक्षण के लिए करेंगे गणना

उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि उद्यान में पर्यटकों के लिए लगभग 50 कर्मचारी तैनात हैं, जो पर्यटकों की सुविधा में जुटे रहते हैं। मगरमच्छ के संरक्षण के लिए उद्यान में पहली बार गणना की जा रही है, जिससे उन्हें संरक्षण किया जा सके।



### पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में वर्ष 1982 में स्थापित 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का राष्ट्रीय उद्यान यहां की 15 से अधिक सुंदर लाइमस्टोन की गुफाएं, तीरथगढ़, कांगेर धारा जलप्रपात, दुर्लभ वन्य जीव वन्यजीव जैसे उदबिलाव, माउस डियर, जॉइंट स्क्विरल, लेथिस सॉफ्टशेल टर्टल, जंगली भेड़िया के साथ-साथ 200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां, वनस्पतियों की 900 अधिक प्रजातियों और तितलियों की 140 से अधिक प्रजातियों के ख्याति प्राप्त है। उद्यान में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2022 में 18000 हजार, विदेशी 16 पर्यटक एवं वर्ष 2023 में 1.28 लाख, 43 विदेशी पर्यटक पहुंचे, इस तरह से पिछले वर्ष से इस वर्ष 9 गुना पर्यटक पहुंचे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## ईडी ने 17 जनवरी को दर्ज कराई थी एफआईआर, एसीबी ने केस दर्ज किया

# एसीबी में पूर्व मंत्री-पूर्व विधायक, आईएएस और आईपीएस समेत सौ से अधिक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कोयला और शराब घोटाले से जुड़े मामले में नया मोड़ आ गया है। ईडी ने शराब और कोयला घोटाले मामले में रायपुर के एंटी करप्शन ब्यूरो में एफआईआर दर्ज कराई है। ईडी की ओर से दर्ज केस में शराब घोटाले में 70 नामजद और कोयला घोटाले में 35 नामजद आरोपियों के नाम शामिल हैं। ईडी ने जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया उसमें पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व मुख्य सचिव, दो निलंबित आईएएस, रिटायर्ड आईएएस अफसर सहित कई अन्य कांग्रेसी नेताओं के शामिल हैं।

यह एफआईआर ईडी के संदीप कुमार की तरफ से दर्ज कराई गई है। एसीबी के डीएसपी फरहान ने केस दर्ज किया है। शराब घोटाला मामले में दर्ज एफआईआर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12, 420, 467, 468, 471 और 120 बी की लगाया गया है। इस मामले में 70 नामजद लोगों पर केस दर्ज हुआ है। ईडी ने दर्ज एफआईआर में ⏭ शेष पेज 5 पर

- पूर्व मंत्री कवासी, अमरजीत, अनवर ढेबर समेत कई नेता-अफसरों का जिक्र
- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा- यह कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश

### पूर्व मंत्री, पूर्व विधायकों पर केस दर्ज

शराब और कोयला घोटाले में एसीबी ने अनवर ढेबर, पूर्व मंत्री कवासी लखमा, अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, मेसर्स रतनप्रिया मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, पूर्व आईएएस निरंजन दास सहित एक दर्जन से अधिक आबकारी अधिकारी के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, शिशुपाल सोरी, बृहस्पत सिंह, विवेक ढांढ, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक यूडी मिंज, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, रामगोपाल अग्रवाल, विजय भाटिया, चंद्रदेव राय, जेल में बंद रानू साहू, समीर विश्वनोई, सौम्या चौरसिया, सुनील अग्रवाल, सूर्यकांत तिवारी, समेत अन्य नामजद आरोपी हैं।




### इन आईएएस-आईपीएस का भी जिक्र

एफआईआर के पन्नों में आईपीएस अधिकारियों में दीपांशु काबरा, भोजराज पटेल, अभिषेक माहेश्वरी, आईएएस अफसरों में जेपी मौर्य, श्री कुंजाम एवं अधिवक्ता पीयूष भाटिया के नाम भी शामिल है। ईडी ने कहा है कि सूर्यकांत तिवारी की डायरी में इनसे लेनदेन का जिक्र है। लिहाजा इस संबंध में जांच की जरूरत है।

### यह है शराब घोटाला

दरअसल, छत्तीसगढ़ में ईडी 2019 से 2022 के बीच हुए शराब घोटाले की जांच कर रही है। जिसमें ईडी के अनुसार चार तरीकों से भ्रष्टाचार किया गया था। जिसमें सीएसएमसीएल द्वारा डिस्टिलरों से रिश्वत ली गई थी। बेहिसाब कच्ची देशी शराब की बिक्री की गई। डिस्टिलर्स से रिश्वत ली गई ताकि उन्हें कार्टेल बनाने और बाजार में हिस्सेदारी तय करने ⏭ शेष पेज 5 पर

### भूपेश ने भाजपा पर खड़े किए सवाल

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा कथित कोयला और शराब घोटाला मामलों में पूर्व कांग्रेस मंत्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एफआईआर पर सवाल खड़े करते हुए कहा, पिछले 3 वर्षों से ईडी और आईटी जांच कर रहे थे। जांच के बाद उन्होंने अब एसीबी ⏭ शेष पेज 5 पर

### शराब घोटाले पर इन पर केस

- अनिल टुटेजा, तत्कालीन संयुक्त सचिव (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन)
- अनवर ढेबर
- अरुणपति त्रिपाठी (प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमीटेड)
- मेसर्स रतनप्रिया मिडिया प्राईवेट लिमीटेड
- कवासी लखमा (तत्कालीन आबकारी मंत्री)
- निरंजनदास (आई.ए.एस. तत्कालीन आबकारी आयुक्त)
- जनार्दन कौरव (तत्कालीन सहायक जिला आबकारी अधिकारी)
- अनिमेष नेताम (तत्कालीन उपायुक्त आबकारी)
- विजय सेन शर्मा (तत्कालीन उपायुक्त आबकारी)

⏭ शेष पेज 5 पर

# भूपेश का लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार, बोले- मैं विधायक ही ठीक हूं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा, मैं तो विधायक हूं। मैं प्रदेश भर में घूम-घूमकर प्रचार करना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि ये जिम्मेदारी मिलेगी तो ज्यादा अच्छा होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने शुक्रवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में भूपेश बघेल के नाम का प्रस्ताव राजनांदगांव सीट से रखा था। इसका समर्थन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायकों ने किया था।

- 3-4 दबंग नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए पूर्व सीएम से भी किया है आग्रह : रजनी

कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर दो दिनों से मंथन कर रही है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। फिर शनिवार को चुनाव समिति की बैठक वरिष्ठ नेताओं के साथ दिनभर चली। ⏭ शेष पेज 5 पर

### भूपेश से किया चुनाव लड़ने का आग्रह: रजनी

स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल ने कहा, बैठक में यह आग्रह भी किया गया है कि वरिष्ठ नेताओं को चुनाव लड़ना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम को लेकर कहा, हमने उनसे भी आग्रह किया है। पार्टी आलाकमान का जो फैसला होगा उसे स्वीकार करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के जो दबंग नेता हैं उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, चुनाव समिति की बैठक में एक सार्थक चर्चा हुई। आगे किस प्रकार से रणनीति बनाकर मैदान में उतरे, इसे लेकर बातें हुई। अगले हफ्ते में दिल्ली में भी बैठक होगी। जल्द ही हो उम्मीदवारों की घोषणा भी करेंगे।

## खबर संक्षेप

### उत्तरभारत में पड़ रही कड़ाके की सर्दी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। दूसरी ओर यहां अब बारिश की संभावना भी बन रही है।



मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी की चेतावनी भी जारी की गई है।

### कार को ट्रक ने मारी टक्कर, पांच जिंदा जले

**चंडीगढ़।** पंजाब के होशियारपुर में सड़क हादसे में 5 युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई। ये सभी लोग कार में सवार थे। इनकी गाड़ी को



जालंधर-पठानकोट हाईवे पर दसूहा के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे से ठीक 20 मिनट पहले एक युवक ने वीडियो बनाकर शेयर किया था। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### विहिप बोला- ज्ञानवापी हिंदुओं को सौंप दो

**वाराणसी।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ परिसर में ज्ञानवापी ढांचा पर एएसआई की रिपोर्ट आ गई है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष



आलोक कुमार का कहना है कि वहां मंदिर होने के साक्ष्य मिलने हैं, इसलिए अब ज्ञानवापी मस्जिद को हिंदू समुदाय को सौंप देना चाहिए। मंदिर की संरचना का एक हिस्सा, विशेष रूप से पश्चिमी दीवार हिंदू मंदिर का शेष हिस्सा है।


### ट्रक से टकराई बस तीन छात्राओं की मौत

**नयागढ़।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर के छात्रों को पिकनिक पर ले जा रही बस एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में



तीन लड़कियों की मौत हो गई, वहीं अन्य 10 घायल हो गए। यह हादसा दासपल्ला क्षेत्र में सहलाभंगा जंगल के पास घटी। बस में करीब 50 छात्र मौजूद थे। हादसे में दो लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# हजार लोग घर वापसी कर बने हिंदू, बोले- भागवत गीता से समझ आया जीवन का सार





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सनातन धर्म में यही ऐसा धर्म है जो व्यक्ति को ईश्वर, आत्मा और मोक्ष को तत्व और ध्यान से जानने का मार्ग बताता है। भागवत गीता के सभी अध्याय पढ़ने के बाद जीवन का अर्थ समझ आया। यह कहना है कि उन लोगों का जिन्होंने शनिवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की उपस्थित परिवार के साथ फिर सनातन धर्म को अपनाया है। 1 हजार मतांतरित लोगों ने अपने मूल धर्म में वापसी की। इनमें ज्यादातर ईसाई से हिंदू बने हैं। वहीं दो परिवार मुस्लिम भी थे जिन्होंने हिंदू धर्म अपनाया। भाजपा नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने मूल धर्म में वापसी करने से पहले उनके पैर धोए और कहा कि जो लोग धर्मांतरण के धंधे में लगे हैं उनको सबक सिखाएंगे। कथा के अंतिम दिन घर वापसी करने वालों के चरण धोकर भगवा गमछा पहनाया गया ⏭ शेष पेज 5 पर

- बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की उपस्थिति में हुई लोगों की धर्म वापसी

## गुपचुप धर्मांतरण आधा दर्जन गिरफ्तार



**रायगढ़।** शहर के सावित्री नगर स्थित एक बिल्डिंग में अवैध रूप से चर्च संचालित कर एक मसीही संस्था द्वारा शनिवार को गुपचुप तरीके से लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। सूचना पर नगर के हिंदू संगठनों के सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने धर्मांतरण का विरोध किया तो हिंदू संगठन के सदस्यों के साथ मारपीट ⏭ शेष पेज 5 पर

- धर्म प्रचारक सीडी, एलईडी समेत अन्य सामग्री जब्त

## विमान में बैठते ही बोला- मेरी सीट के नीचे है बम

**मुंबई।** मुंबई में एयरपोर्ट पर फ्लाइट के अंदर बैठे एक यात्री ने चिल्ला कर कहा कि उसकी सीट के नीचे बम है। यह सुनकर सभी यात्री घबरा गए और तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद फ्लाइट को रीशेड्यूल किया गया। चेकिंग के दौरान फ्लाइट में कुछ भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। अफवाह फैलाने वाले यात्री को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है।

**अफवाह फैलाने वाला गिरफ्तार**

### टेक ऑफ रोका जांच हुई

फ्लाइट स्टाफ ने तुरंत इस बात की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम से तुरंत फ्लाइट का टेक ऑफ रोक दिया गया। इसके बाद फ्लाइट में सुरक्षाकर्मी पहुंचे और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर पूरी फ्लाइट की चेकिंग की गई।

# सीएम विष्णुदेव ने बस्तर में किया ध्वजारोहण, तिरंगे को दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस पर जगदलपुर के लालबाग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पुलिस, केंदीय अर्धसैनिक बल, नगर सेना, एनसीसी आदि की 14 टुकड़ियों के द्वारा सलामी दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने हर्ष और उल्लास ⏭ शेष पेज 5 पर

### गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री ने बताई प्रदेश सरकार की उपलब्धि



### शहीद के परिजनों से मिले मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात की। इधर, मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बस्तर संभाग के आदिवासी समाज मारिया, मुरिया, हल्बा, मुण्डा, भतरा, गोड समाज के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। मुख्यमंत्री को अपने परिवार के मुखिया की तरह वे अपने सुख-दुःख पर चर्चा कर रहे थे।

## राष्ट्रीय संगठन के साथ शाह ने कराया है विधानसभा की तरह सर्वे

# फरवरी में प्रत्याशियों का ऐलान, कोरबा से सरोज संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की फरवरी में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने की तैयारी है। विधानसभा की तरह लोकसभा में भी चौंकाने वाले फैसले सामने आ सकते हैं। इसी कड़ी में कोरबा से अचानक सरोज पांडेय का नाम चर्चा में आया है। कोरबा से वर्तमान में लोकसभा सांसद कांग्रेस से हैं। भाजपा ⏭ शेष पेज 5 पर

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी

### नए चेहरों पर खेलेगी भाजपा दांव

इस बार भी लोकसभा के चुनाव में ज्यादातर सीटों पर नए चेहरों पर दांव खेलने की तैयारी है। एक या दो ही सीटों पर ही वर्तमान सांसदों को चुनाव लड़ाया जा सकता है, बाकी सीटों पर नए चेहरे होंगे। इनमें पहले भी सांसद रहे कुछ चहेरों को जरूर मैदान में उतारा जा सकता है। सर्वे रिपोर्ट में सभी सीटों के नाम भी दिल्ली तक पहुंच गए हैं।




- रायपुर में ब्राह्मण प्रत्याशी पर दांव संभव, दावेदारों की फौज भी यहीं

### ये हैं दावेदार

| | |
|---|---|
| रायपुर- | सुनील सोनी, डॉ. विजय शंकर मिश्रा, केदार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, शिवरतन शर्मा, उज्जवल दीपक |
| दुर्ग- | विजय बघेल, सरोज पांडेय |
| राजनांदगांव- | संतोष पांडेय, मधुसुदन यादव अभिषेक सिंह, कोमल जंघेल |
| कोरबा- | सरोज पांडेय, जोगेश लांबा, विकास महतो, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, अनुराग सिंहदेव |

⏭ शेष पेज 5 पर

27- JAN- COR- MAIN- Pg- 5 TARKSH-D-VIDESH_Layout 1 1/27/2024 9:29 PM Page 1





## नई दिल्ली में निकली छत्तीसगढ़ की झांकी, 'बस्तर की आदिम जनसंसद : मुरिया दरबार' ने मोहा दर्शकों का मन

*यह झांकी जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। जगदलपुर के 'मुरिया दरबार' और कोंडागांव जिले के बड़े डोंगर में स्थित 'लिमऊ-राजा' को दर्शाया गया था। झांकी के प्रदर्शन के दौरान कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य भी प्रस्तुत किया।*

# गणतंत्र दिवस : कर्तव्य पथ की झलकियां










## नारी सशक्तिकरण...



## खबर संक्षेप

### चिराग पासवान ने शाह और नड्डा से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अपने पूर्व सहयोगी दल भाजपा के साथ फिर से हाथ मिलाने की अटकलों के बीच लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

### बांग्लादेश से आई 97,500 रुपये की नकली मुद्रा जब्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता ने



बांग्लादेश से लाकर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कथित तौर पर जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने के मामले में दो लोगों को शनिवार को वाराणसी से गिरफ्तार किया है और उनके पास से 97,500 रुपये की जाली मुद्रा भी बरामद की गई।

### लैंड फॉर जॉब केस को अदालत ने लिया संज्ञान में

# लालू परिवार की बढ़ीं मुश्किलें राबड़ी, मीसा सहित 5 को समन

**600 करोड़ के घोटाले का मामला**

*संघीय एजेंसी ने इस मामले में 600 करोड़ रुपए की अपराध आय का पता लगाने का दावा किया है, जिसमें दिल्ली में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी का एक बंगला भी शामिल है, जिसकी कीमत 150 करोड़ रुपए बताई जाती है। यह मामला 2004 और 2009 के बीच लालू प्रसाद के परिवार के लिए कथित तौर पर भूमि पार्सल के बदले में रेलवे में नियुक्तियों से संबंधित है, जब वह केंद्र में रेल मंत्री थे।*

एजेंसी ⏭ पटना

नौकरी के बदले रेलवे में नौकरी मामले में लालू परिवार की मुसीबत बढ़ती दिख रही है। रेलवे में जमीन लेकर नौकरी देने के मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को 9 फरवरी को अदालत में पेश होने को कहा है। अदालत ने व्यवसायी अमित कात्याल के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आदेश पारित करते हुए कहा- संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार हैं।

बिहार में राजनीतिक संग्राम के बीच लालू फैमिली की मुश्किलें बढ़ गई है. एक तरफ जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनसे दो-दो हाथ करने की तमाम तैयारी कर चुके हैं तो दूसरी तरफ घोटाला केस में परिवार के कई सदस्यों को समन भेजा गया है। जमीन के बदले जॉब केस में लालू यादव और बेटे तेजस्वी यादव को प्रवर्तन निदेशालय ने भी समन कर रखा है।

### दिल्ली कोर्ट में 9 को हाजिर होने का निर्देश





### कल लालू और 30 को तेजस्वी से पूछताछ

बताया जा रहा है कि लालू यादव को 29 जनवरी और तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को एजेंसी की पटना ऑफिस में पेश होना है। ईडी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक आरोप पत्र भी दायर किया है। लालू यादव, पत्नी राबड़ी देवी और दो बेटियों मीसा और हेमा को भी आरोपी बनाया गया है।

*एजेंसी ने जब्त की है 6 करोड़ की संपत्ति : प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत लालू प्रसाद के परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की 6 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त की है। जांच जारी है और मामले को आगे की कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध किया गया है। फिलहाल बिहार में लालू यादव नीतीश कुमार द्वारा शुरू किए गए संग्राम का सामना कर रहे हैं।*

### लालू-राबड़ी-तेजस्वी के खिलाफ भी आरोप पत्र

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नौकरियों के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ भी आरोप पत्र दायर किया है। आरोप पत्र में 14 अन्य शामिल हैं और यह नए सबूतों पर आधारित है जो पहली आरोप पत्र दायर किए जाने के बाद सामने आए।

### इस मामले को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से भी जोड़ा

लैंड फॉर जॉब मामले को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से भी जोड़ा है। अपनी जांच के बाद ईडी ने इस मामले में पहली चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटी एवं राज्यसभा सांसद मीसा भारती, दूसरी बेटी हेमा यादव सहित अन्य लोगों के नाम को चार्जशीट में शामिल किया था। इस केस में सुनवाई पूरी करने के बाद 18 जनवरी को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद 20 जनवरी को फैसला आने वाला था, मगर उस दिन फैसला नहीं आया। फैसले के लिए 27 जनवरी की नई तारीख सामने आई थी।

# आप के 7 विधायकों को पार्टी छोड़ने दिया 25-25 करोड़ का ऑफर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सात विधायकों को आम आदमी पार्टी छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपये और भाजपा का टिकट देने की पेशकश की गई है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने भी आरोप लगाया कि बीजेपी ने 'ऑपरेशन लोटस 2.0' शुरू कर दिया है और दिल्ली में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई आप सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी सरकार को गिराने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ने शनिवार को कहा कि पूर्व पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी में सात आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की, उन्हें 25 करोड़ रुपये की पेशकश की है साथ ही उन्हें भाजपा से चुनाव लड़वाने की भी पेशकश की गई है।



■ अरविंद केजरीवाल का भाजपा पर बड़ा आरोप

### सोची-समझी साजिश के तहत हो रहा काम : अरविंद

केजरीवाल ने कहा, "हाल ही में उन्होंने दिल्ली में हमारे 7 विधायकों से संपर्क किया और कहा कि हम कुछ दिनों के बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद हम विधायकों को तोड़ेंगे और उसके बाद हम दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को गिरा देंगे। आप भी भाजपा में आ जाओ। 25 करोड़ रुपये देंगे और बीजेपी के टिकट भी।

### केजरीवाल एक बार फिर झूठ बोल रहे- भाजपा

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी के बयान पर बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने कहा, "अरविंद केजरीवाल एक बार फिर झूठ बोल रहे हैं, जैसा कि वह पिछले सात बार से कर रहे हैं। वह एक बार भी नहीं बता पाए कि उनसे संपर्क करने के लिए किस फोन नंबर का इस्तेमाल किया गया, उन्हें किसने संपर्क किया और बैठक कहां हुई थी। वह सिर्फ बयान देते हैं और छिप जाते हैं।" भाजपा नेता ने कहा कि सीएम केजरीवाल के साथी जेल में हैं और वह बार-बार ईडी के समन से बच रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उनके पास ईडी के सवालों के जवाब नहीं हैं।"

## तरकश

संजय के दीक्षित

### अफसरों का ड्रेस कोड

राजस्थान के चीफ सिकरेट्री ड्रेस को लेकर बेहद सख्त हैं। एक बार जिंस पहनकर मीटिंग में आने वाले तीन अफसरों को उन्होंने पैंट बदलने घर भेज दिया था। इस वाकये से प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की याद आ गई। सरकार बनने के दो ही महीने हुए थे कि पुराने मंत्रालय की एक बैठक में प्रमुख सचिव स्तर के एक आईएएस फुल टीशर्ट नुमा कुछ पहनकर आ गए थे। जोगी जी इस पर बेहद नाराज हुए। उन्होंने उस अफसर को मीटिंग से उठाया तो नहीं मगर यह कहते हुए क्लास जमकर ली थी कि ऑल इंडिया सर्विस के अफसरों को पहनावे का ध्यान रखना चाहिए। छत्तीसगढ़ में कुछ सालों से ठीक इसका उलट हो रहा है। मुख्यमंत्री की बैठकों में कोई हाफ शर्ट पहनकर पहुंच जाता है तो कोई आस्तिन चढ़ाकर। पहले के अफसर ड्रेस को लेकर बड़ा संजीदा रहते थे। खासकर सीएम की जिस दिन मीटिंग है, उस दिन हाफ शर्ट बिल्कुल नहीं। पहनावा भी गरिमापूर्ण। एक तरह से ये सिस्टम और सीएम का सम्मान होता है। राजभवन के कार्यक्रमों में भी आज कल लोग ड्रेस का ध्यान नहीं रख रहे। चीफ सिकरेट्री को इसके लिए अपने अधिकारियों को ताकीद करना चाहिए...कम-से-कम सीएम की मीटिंग और राजभवन के कार्यक्रमों में ड्रेस की मर्यादा का ध्यान रखा जाए।

### मीटिंग से GO...GO

चूकि बात मीटिंग से अफसरों को उठाने और अजीत जोगी की निकली है तो एक पुराना वाकया याद हो आया। 2001 की बात होगी। यही धान खरीदी का कोई समय था। नवंबर या दिसंबर का। तब बारदाना का शार्टेज हो गया था, किसान हलाकान थे। जोगी जी ने पुराने मंत्रालय में फूड, नॉन, और मार्कफेड के अफसरों की बैठक बुलाई। अब जोगी जी जोगी जी थे, उन्हें कोई मिसगाइड कहां कर सकता था। अफसरों ने यह कहते हुए उन्हें भटकाने की कोशिश की कोलकाता की कंपनी बारदाना भेज नहीं रही है...इस पर वे बिगड़ उठे। उन्होंने दो आईएएस को भरी मीटिंग से उठा दिया। बोले...अभी कोलकाता जाओ। अफसर इसे समझ नहीं पाए। लगा कि जाने को बोल रहे तो कल चल देंगे। पुराने लोगों को याद होगा, जोगीजी को जब गुस्सा आता था तो वे कांपने लगते थे। ऐसा ही कुछ उस मीटिंग में हुआ। बोले...उठ क्यों नहीं रहे हो, चलो अभी जाओ...गो...गो। जोगीजी के चेहरे की भाव भंगिमा देख दोनों अफसर तुरंत मीटिंग छोड़ कोलकाता भागे। उस समय फ्लाइट नहीं थी और न सरकार के पास इतने पैसे होते थे कि अफसर यहां से दिल्ली जाए और वहां से फिर कोलकाता। रामचंद सिंहदेव जैसे सख्त वित्त मंत्री थे। किसी सप्लायर या ठेकेदार से टिकिट करा लें, ऐसा भी उस समय नहीं होता था। लिहाजा, दोनों आईएएस अफसरों ने शाम की मुंबई-हावड़ा मेल में इमरजेंसी कोटे से दो बर्थ कराया और कोलकाता रवाना हुए।

### वक्त की दोहरी मार

ब्यूरोक्रेसी में हमेशा दिन एक बराबर नहीं होते। वैसे भी नौकरशाही में माना जाता है, आईएएस की लगभग 30 साल की सर्विस में 20 साल कमाल के होते हैं तो पांच साल मीडियम और पांच साल मुश्किल के। छत्तीसगढ़ में भी सरकार बदलने के बाद कुछ अफसरों का अच्छा नहीं चल रहा। खासकर, सात आईएएस अधिकारियों पर वक्त की दोहरी मार बोल सकते हैं। कुछ कलेक्टरों को चुनाव आयोग ने आचार संहिता लगते ही हटा दिया था, और कुछ को नई सरकार ने। इसके बाद सरकार ने सात अफसरों को मिड टर्म ट्रेनिंग के लिए महीने भर के लिए मसूरी भेज दिया। अब बेचारे छत्तीसगढ़ के आईएएस, मसूरी के एक डिग्री टेम्परेचर में कैसे रह रहे होंगे, आप समझ सकते हैं। रात में हीटर ऑन करते हैं तो बेचैनी होती है और न जलाएं तो डबल रजाई भी असर नहीं कर रहा। उसमें भी सुबह उठ जाना...मुंह से भाप निकलते कभी देखा नहीं। सात में एक माताजी भी हैं। सातों आईएएस देवों के देव विष्णुदेव से प्रार्थना कर रहे...भगवान तकलीफ दे रहे हो तो मसूरी से लौटने के बाद कुछ काम धाम भी दे देना।

### छुट्टियों में याद रखना

पिछली सरकार ने डीए, एचआर देने में भले ही विलंब किया मगर छुट्टियां इतनी दे डाली कि छत्तीसगढ़ के कर्मचारी मौज काट रहे हैं। साल में कई हफ्ते ऐसे निकल जा रहे कि दो-एक दिन की अर्जी लगा दिए तो दसेक दिन का सैर-सपाटा। हालांकि, एक पहलू यह भी है कि कर्मचारियों, अधिकारियों के घरों में पति-पत्नी के बीच झगड़े बढ़े हैं। पहले हफ्ता में एकाध दिन छुट्टी होती थी तो उसका बड़ा चार्म होता था। अब तीन-तीन, चार-चार दिन घर में रहेंगे तो दिक्कतें तो होगी ही। बहरहाल, तीज-त्यौहारों की छुट्टियां इतनी ज्यादा हो गई है कि छुट्टी घोषित करने वाला जीएडी भी कंफ्यूज्ड हो जा रहा। पिछली सरकार ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया हुआ है, जीएडी ने इसी दिन नागपंचमी का लोकल अवकाश दे दिया। जीएडी भी आखिर क्या करें...इतनी छुट्टियों से भ्रमित होना स्वाभाविक है। फिर भी, छुट्टियों को लेकर शिक्षक और कर्मचारी पिछली सरकार को जरूर याद रखेंगे।

### मगर वोट नहीं...

2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान एक रिटायर चीफ सिकरेट्री शिक्षाकर्मियों का संविलियन न करने पर अड़ गए थे। जबकि, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह इस पक्ष में थे कि पुराना वादा है, इसे पूरा कर दिया जाए। फिर सवाल चौथी बार सरकार बनाने का भी था। रिटायर सीएस तब एक कमीशन में पोस्टेड थे और अघोषित तौर पर सरकार के सलाहकार का काम भी देख रहे थे। वे इस बात से काफी नाराज थे कि शिक्षाकर्मी मर्यादा को ताक पर रखकर रायपुर के बूढ़ापारा तालाब में अधनंगे प्रर्दशन कर दिए थे। उनका ये भी तर्क था कि बिना किसी भर्ती प्रक्रिया के लोकल लेवल पर चुने गए इन शिक्षकों से छत्तीसगढ़ का ह्यूमन रिसोर्स चरमरा जाएगा। मगर रमन सिंह उनकी दलीलों को न मानते हुए शिक्षाकर्मियों को रेगुलर करने का फैसला ले लिया। बावजूद इसके शिक्षकों के वोट एकतरफा कांग्रेस को पड़े। उसके बाद आई कांग्रेस सरकार ने रमन सरकार की शर्तों को शिथिल करते हुए सबको एकमुश्त संविलियन कर दिया। इसके बाद छुट्टियों की मौज। फिर भी शिक्षकों और कर्मचारियों का वोट कांग्रेस को नहीं मिला। ऐसे में, पीसी सेठी की चर्चा यहां मौजूं लगता है। मध्यप्रदेश के एक पुराने मुख्यमंत्री थे प्रकाशचंद सेठी...बेहद सख्त और अनुशासन के पक्के...ब्यूरोक्रेसी से लेकर कर्मचारी संगठन उनसे घबराता था। वे अक्सर कहा करते थे, सरकार की प्राथमिकता आम आदमी होना चाहिए, कर्मचारी, अधिकारी नहीं। बाद में वे इंदिरा गांधी मंत्रिमंडल में देश के गृह मंत्री बनाए गए थे।

### मजबूत आईएएस?

एसीएस फॉरेस्ट मनोज पिंगुआ के पास पहले तीन हैंड थे। सिकरेट्री बसव राजू, स्पेशल सिकरेट्री देवेंद्र भारद्वाज और ज्वाइंट सिकरेट्री पुष्पा साहू। सरकार ने पहले बसव को वहां से सीएम सचिवालय भेजा, फिर देवेंद्र और पुष्पा को भी शिफ्ट कर दिया। वन विभाग में अब वन मैन आर्मी वाली स्थिति है। याने पिंगुआ ही सब कुछ। उनके पास गृह विभाग है और माध्यमिक शिक्षा मंडल के साथ व्यापम चेयरमैन का चार्ज भी। उपर से ठीक परीक्षा के टाईम माशिमं सचिव को खो कर दिया गया। चलिये, पिंगुआ आईएएस एसोसियेशन के प्रेसिडेंट भी हैं...भारत सरकार में काम भी किए हैं। जाहिर है, उनका कंधा मजबूत तो होगा ही।

### बड़ी चूक?

तीन दिन पहले पुराने पुलिस मुख्यालय में सड़क सुरक्षा का कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उसके चीफ गेस्ट थे। बताते हैं, पीएचक्यू के एक बड़े अफसर को इसकी जानकारी नहीं दी गई। वे रुटीन में नए पीएचक्यू पहुंच गए। वहां पता चला कि सीएम साहब ओल्ड पीएचक्यू में आए हुए हैं। वे भागते हुए वहां पहुंचे तब तक काफी लेट हो चुका था। खबर है, उन्होंने अफसरों की जमकर क्लास ली। खैर जो भी है, सिस्टम के लिए ये ठीक नहीं।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. इसमें कितनी सत्यता है कि विष्णुदेव सरकार के दो मंत्रियों को पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ाने पर विचार कर रही है?
2. क्या ये सही है कि पुराने मंत्री अपने विभागों से खुश नहीं हैं तो कुछ नए मंत्रियों पर सत्ता का अहंकार हॉवी होने लगा है?

# फर्जी प्रमाण पत्र घोटाला मामला: सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में फर्जी प्रमाण पत्र घोटाला मामले की सीबीआई जांच के संबंध में कलकत्ता हाईकोर्ट की दो पीठों से पारित आदेशों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार 29 जनवरी को होगी। इस मामले में अदालत ने याचिकाकर्ता और पश्चिम बंगाल सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है।



*पांच जजों की पीठ ने की सुनवाई*

*दरअसल, पश्चिम बंगाल फर्जी प्रमाणपत्र घोटाला मामले की सीबीआई जांच को लेकर हाईकोर्ट की दो पीठ ने अलग-अलग फैसले सुनाए थे। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की स्पेशल पीठ ने शनिवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए सोमवार तक सुनवाई टाल दी है।*

*क्या है मामला : बता दें कि फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी किए जाने के घोटाले की सीबीआई जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट जज जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने 24 जनवरी बुधवार को सुबह एक आदेश पारित कर पश्चिम बंगाल पुलिस से मामले से संबंधित दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था, लेकिन हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ बेंच ने उसी दिन जस्टिस गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। वहीं, रोक के बावजूद जस्टिस गंगोपाध्याय की एकल-पीठ ने अगले दिन 25 जनवरी को फिर से आदेश सुनाते हुए मामले के कागजात सीबीआई को सौंपने की अनुमति दे दी थी।*



